बर्षः- 06
अंकः- 75
मुरादाबाद
(Sunday)
05 July 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

### युद्ध के बीच भी देश में नहीं आने दिया ऊर्जा संकट

## भारतीय संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाई, पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान दौरे के दौरान जोधपुर के नए एयरपोर्ट टर्मिनल और करीब 79,459 करोड़ रुपये की लागत से विकसित पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण किया। इस परियोजना से प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।आज का दिन पूरे मरुधरा के लिए ऐतिहासिक रहा। यह दिन प्रदेश के लिए विकास की नई सौगातें लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने



राजस्थान दौरे के दौरान जोधपुर में नए एयरपोर्ट टर्मिनल और करीब 79,459 करोड़ रुपये की लागत से विकसित पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण किया। इसके साथ ही रिफाइनरी से जुड़े पेट्रोकेमिकल जोन के विकास की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है। इस रिफाइनरी से निकलने वाले उप-उत्पादों (बाय-प्रोडक्ट्स) पर आधारित प्लास्टिक उद्योग स्थापित किए जाएंगे। बता दें कि नया एयरपोर्ट टर्मिनल %उड़ान% परियोजना के तहत लगभग 480 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इससे मारवाड़ की समृद्ध विरासत और आधुनिक बुनियादी ढांचे के इस अनूठे संगम में देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी।पचपदरा रिफाइनरी से जुड़ी खास बातें- करीब 79,459 करोड़ रुपये की लागत से विकसित पचपदरा रिफाइनरी देश की सबसे बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं में शामिल है। इसके निर्माण के लिए 1.5 करोड़ घन मीटर मिट्टी की खुदाई की गई, जो लगभग 15 हजार ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूलों को भरने के बराबर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह खुदाई मिस्र के गीजा पिरामिड के निर्माण में हुई खुदाई से लगभग छह गुना अधिक है। चलिए यहां बता रहे हैं आज के कार्यक्रम से जुड़ी पीएम मोदी के भाषण की पांच बड़ी बातें। 1. %राजस्थान की धरती के कण-कण ने हमें स्वाभिमान की सीख दी%- पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान की धरती के कण-कण ने हमें स्वाभिमान की सीख दी है। यह रिफाइनरी यहां हजारों लोगों के लिए रोजगार का माध्यम बनेगी। आज का दिन इस बात का साक्षी है कि भाजपा की सरकारें केवल परियोजनाओं का शिलान्यास करके उन्हें अधूरा नहीं छोड़तीं, बल्कि उन्हें समय पर पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं। दो माह पहले यहां हुई दुर्घटना के बावजूद इतनी जल्दी परियोजना का कार्य पूरा होना बड़ी उपलब्धि है। नया भारत अपने संकल्पों से न पीछे हटता है और न ही अपनी विकास यात्रा की रफ्तार कम करता है। आज राजस्थान विकास के कई नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि जोधपुर का नया एयरपोर्ट टर्मिनल सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। यह टर्मिनल मारवाड़ के विकास को नई गति देगा। उन्होंने बताया कि आज जोधपुर से ही नई उड़ान योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत दूर-दराज के छोटे-छोटे क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही शेखावाटी क्षेत्र के जल संकट के समाधान के लिए भी व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज राजस्थान के 54 हजार युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए हैं।स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्रियों ने नमन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर एक पोस्ट में लिखा, %स्वामी विवेकानंद जी के निर्वाण दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और राष्ट्र-चेतना को वैश्विक पहचान दिलाने में उनका योगदान अतुलनीय है। उनकी बौद्धिकता और प्रेरणादायी विचार आज भी करोड़ों युवाओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनके आध्यात्मिक संदेश विकसित भारत के निर्माण का संकल्प साकार करने में देश को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करते रहेंगे।%रक्षा मंत्री ने भी दी श्रद्धांजलि- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच %एक्स% पर लिखा, 卐स्वामी विवेकानंद जी के निर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं कोटि-कोटि नमन। स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और सनातन विचारधारा की गौरवशाली परंपरा को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। उन्होंने देशभक्ति, समाज सेवा, नैतिक विकास और चरित्र निर्माण का संदेश दिया। उनका विश्वास था कि सशक्त, संस्कारित और आत्मविश्वासी नागरिक राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं।स्वामी विवेकानंद जी के विचार हमें समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं।%शिवराज सिंह चौहान ने बताया प्रेरणा- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, %भारतीय स्वाभिमान की वैश्विक प्राण प्रतिष्ठा करने वाले महान आध्यात्मिक गुरु, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं!% शिवराज सिंह ने आगे लिखा, %स्वामी विवेकानंद जी बचपन से मेरी प्रेरणा रहे हैं। स्वामी जी के शब्द सदैव मेरे कानों में गूंजते हैं और नई ऊर्जा देते हैं। स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-माँस के पुतले नहीं हो। तुम ईश्वर के अंश हो, तुम अमृत के पुत्र हो, तुम अनंत शक्तियों के भंडार हो, तुम अमर आनंद के भागी हो; दुनिया में कोई ऐसा काम नहीं है, जो तुम न कर सको।%कृषि मंत्री ने लिखा, %स्वामी विवेकानंद जी भारतीय दर्शन, अध्यात्म और वैश्विक चेतना के साकार स्वरूप हैं। उनके आध्यात्मिक अमृत प्रकाश से सम्पूर्ण संसार आलोकित है। %उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए% का आपका मंत्र सदैव युवाओं का कल्याण करता रहेगा। आपके ओजस्वी विचार और जीवन-दर्शन हमें सदैव राष्ट्र एवं समाज के नवनिर्माण के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते रहेंगे। स्वामी विवेकानंद जी के चरणों में बारंबार प्रणाम! जेपी नड्डा ने स्वामी विवेकानंद को लेकर क्या कहा?- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा, भारतीय संस्कृति व सनातन आध्यात्मिक दर्शन को वैश्विक मंच पर गौरव एवं प्रतिष्ठा दिलाने वाले, युवाओं के प्रेरणास्रोत, युगद्रष्टा स्वामी विवेकानंद जी के निर्वाण दिवस पर उन्हें कोटिशः नमन। स्वामी विवेकानंद जी ने अपने अद्वितीय ज्ञान, ओजस्वी व्यक्तित्व और राष्ट्रवादी चिंतन से भारतीय संस्कृति की महानता का संदेश संपूर्ण विश्व तक पहुँचाया तथा करोड़ों युवाओं के मन में आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और मानव सेवा का भाव जागृत कर राष्ट्र निर्माण की दिशा दिखाई। उनके प्रेरणादायी विचार, आदर्श और जीवन-दर्शन हमें सदैव मानवता की सेवा, राष्ट्र के उत्थान और विश्व कल्याण के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।% केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, %युवाओं के प्रेरणास्रोत, महान दार्शनिक एवं आध्यात्मिक चिंतक स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं। अपने ओजस्वी विचारों से स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। उनका जीवन हमें आत्मविश्वास, राष्ट्रप्रेम और मानव सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।%स्वामी विवेकानंद, जिनका मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था, रामकृष्ण मिशन के संस्थापक थे। वर्ष 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद (पार्लियामेंट ऑफ रिलिजन्स) में अपने ऐतिहासिक संबोधन के माध्यम से उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिली। उन्होंने समाज सेवा और मानवता की सेवा को सर्वोच्च आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया।

### संक्षिप्त समाचार

#### हनीमून पर गई लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार, इंस्टाग्राम ने खोला ठिकाना, फिल्मी चुनौती पड़ गई भारी

मेरठ के सरधना क्षेत्र में पेटीएम टीम लीडर लूटकांड की फरार महिला आरोपी ज्योति चौधरी को पुलिस ने हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया। इंस्टाग्राम पर लगातार सक्रिय रहने से पुलिस को उसकी लोकेशन मिली।मेरठ के सरधना क्षेत्र में पेटीएम कंपनी के टीम लीडर से लूट के मामले में फरार चल रही महिला आरोपी ज्योति चौधरी को पुलिस ने हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया। सोशल मीडिया पर फिल्मी अंदाज में पुलिस को चुनौती देने वाली आरोपी की गिरफ्तारी उसकी इंस्टाग्राम गतिविधियों के कारण संभव हो सकी। शादी के कुछ दिन बाद पति के साथ हरिद्वार घूमने पहुंची आरोपी की लोकेशन पुलिस ने तकनीकी निगरानी के जरिए ट्रेस कर ली। शादी के बाद हनीमून पर गई थी आरोपी- सीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ज्योति चौधरी, निवासी गांव छुछाई, थाना किठौर की शादी 23 जून को मोहित नागर से हुई थी। शादी के बाद दोनों हरिद्वार घूमने गए थे। फरारी के दौरान भी ज्योति लगातार इंस्टाग्राम पर सक्रिय रही। इसी गतिविधि के आधार पर पुलिस को उसकी मौजूदगी का सुराग मिला और शनिवार सुबह उसे हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया गया।। आरोप- पुलिस जांच में सामने आया कि ज्योति की पहले बुलंदशहर जिले के ककोड़ थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर जाट निवासी सुनील उर्फ नीतू से भी शादी हो चुकी थी।

## 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा संसद का मानसून सत्र, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। संसद के मानसून सत्र में लोकसभा और राज्यसभा की बैठकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। सरकार की सिफारिश पर दोनों सदनों की बैठकें आयोजित करने को मंजूरी दी गई है।संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 20 जुलाई से 13 अगस्त तक संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने को मंजूरी दे दी है। संसदीय परिपाटी के मुताबिक मानसून सत्र दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा भी कराई जाएगी। करीब तीन सप्ताह



के इस मानसून सत्र में सरकार कई अहम विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के बयान में क्या?- केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स हैंडल पर लिखा, भारत सरकार की अनुशंसा पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मानसून सत्र 2026 में संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने की स्वीकृति दे दी है। यह सत्र 20 जुलाई, 2026 से शुरू होकर 13 अगस्त, 2026 तक चलेगा। रिजिजू ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय लिए जाएंगे।बीते दिनों मेडिकल की पढ़ाई से जुड़ी प्रतियोगी परीक्षा-NEET के पेपर लीक, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का चढ़ावा चोरी विवाद जैसे कई मामले लगातार सुर्खियों में है। ऐसे में संसद सत्र के दौरान हंगामा होने की आशंका है। इन मामलों के अलावा तृणमूल के दो फाड़ होने का मुद्दा भी चर्चा में है। नजरें स्पीकर ओम बिरला के फैसले पर टिकी हैं। कांग्रेस अंडमान की ग्रेट निकोबार परियोजना पर भी लगातार हमलावर है। ।इससे पहले संसद का बजट सत्र विगत 18 अप्रैल को समाप्त हुआ था। 28 जनवरी, 2026 को शुरू हुए संसद के बजट सत्र में कई अहम विधेयक पारित कराए गए थे। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के मुताबिक सत्र के दौरान 31 बैठकें हुईं।

## नितिन नवीन का लखनऊ में स्वागत, रोड शो में बरसे फूल; प्रदेश मुख्यालय में बैठक



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लखनऊ पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री और प्रदेश नेतृत्व ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से पार्टी मुख्यालय तक 18 किलोमीटर लंबे रोड शो में 42 से अधिक स्थानों पर अभिनंदन होगा। स्वागत के लिए हजारों कार्यकर्ता और व्यापक तैयारियां की गई हैं।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नितिन नबीन शनिवार को पहली बार लखनऊ पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पगुच्छ देकर व भगवा अंगवस्त्र पहनाकर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से प्रदेश सरकार के मंत्रियों व कार्यकर्ताओं का परिचय भी कराया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी एवं सभी अध्यक्षों के साथ बैठक कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर किए गए पोस्ट में लिखा कि प्रभु श्रीराम एवं लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण के चरणरज से पावन हुई संस्कृति, संस्कार और सृजन की साधना स्थली उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन। राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करने वालों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष/केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, भूपेंद्र चौधरी, एके शर्मा, धर्मपाल सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नन्दी, संजय निषाद, दारा सिंह चौहान, जेपीएस राठौर, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, संजय सेठ, ब्रजलाल, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य मंत्री, जनप्रतिनिधि व संगठन के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। नितिन नवीन बोले- उत्साह बता रहा फिर बनेगी सरकार- लखनऊ पहुंचे नितिन नवीन ने कहा, यूपी की इस धरती को नमन करता हूं। प्रभु श्रीराम की धरती, भोले बाबा की धरती, श्रीकृष्ण की धरती को नमन करता हूं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करता हूं। यह उनका कार्यक्षेत्र रहा है। कार्यकर्ताओं का उत्साह है, निश्चित रूप से भाजपा की फिर से सरकार बनेगी। इस कार्ययोजना पर हम काम कर रहे।इसके बाद एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक 42 से अधिक स्थानों पर उनका स्वागत किया जा रहा है। इसके लिए 50 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता और पदाधिकारी तैनात हैं। सीएम योगी, दोनों उपमुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक करीब 18 किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि पूरे रास्ते पर कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

## ट्रिपल-इंजन सरकार वोट, सीट और चंदे की चोरी में लगी है, जयराम रमेश ने केंद्र पर क्या आरोप लगाए?

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया ब्लॉक ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया पर चिंता जताते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है। उन्होंने चुनाव आयोग पर पक्षपात, वोट और सीटों की चोरी के आरोप लगाए। इसके साथ ही दावा किया कि चुनावी प्रणाली पर जनता का भरोसा कमजोर हुआ है।कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चिंता जताई गई है। कांग्रेस सांसद ने क्या आरोप लगाया?- विपक्षी दलों ने पत्र में चुनाव आयोग के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि आयोग की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण है। जयराम रमेश ने वोटों और सीटों की चोरी का आरोप लगाते हुए दावा किया कि चुनावी प्रणाली में जनता का विश्वास बुरी तरह से कम हो गया है।ट्रिपल-इंजन सरकार पर क्या कहा?- उन्होंने इस मुद्दे को कथित राम जन्मभूमि चंदा गबन से भी जोड़ा और इसे ट्रिपल-इंजन सरकार के तहत वोट चोरी, सीट चोरी और चंदा चोरी का मामला बताया। उन्होंने एएनआई को बताया, यह एसआईआर प्रक्रिया और भारत निर्वाचन आयोग के पक्षपातपूर्ण कामकाज से संबंधित विशिष्ट चिंताओं को संबोधित करता है। यह आज हो रही वोटों और सीटों की चोरी और इस तथ्य से संबंधित है कि लोगों का हमारी चुनावी प्रणाली पर जो विश्वास कभी था, वह बुरी तरह



से कम हो गया है।उन्होंने आगे आरोप लगाया %लोगों का मानना है कि चुनाव परिणाम पहले से तय होते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारा संविधान और हमारी चुनावी प्रणाली खतरे में है। अगर चुनाव परिणाम पहले से ही निर्धारित हैं, तो चुनाव कराने का क्या मतलब है? उन्होंने आरोप लगाया, ऐसा लगता है कि ज्ञानेश कुमार पाखंड की बीमारी से ग्रस्त हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र और हरियाणा में उनका आचरण यह दर्शाता है कि चुनाव आयोग गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के निर्देशों का पालन करता है। जयराम रमेश ने आगे कहा वैसे, अयोध्या में चंदे की चोरी भी हो रही है। यह एक ट्रिपल इंजन सरकार है जहां वोट की चोरी, सीटों की चोरी और चंदे की चोरी होती है। ये टिप्पणियां तब आईं जब आम आदमी पार्टी और डीएमके सहित इंडिया ब्लॉक की पार्टियां भारत के चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया और चुनाव से संबंधित अन्य मुद्दों पर चिंता जताने के लिए एक साथ आईं। इस गुट ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक संयुक्त पत्र लिखकर अपनी चिंताओं को व्यक्त किया है।

## संपादकीय Editorial

### Doctor: God or Shopkeeper

July 1st was "Doctor's Day." We don't know who decides this day, or whether it's simply a business strategy, but in India, there's a common belief that doctors are "a form of God." "God" is an exaggeration, but we can at least consider them "life-givers." When a person's last breath is being drawn out and the shadow of death looms, a doctor's passion and determination saves that life. A doctor treated a poor and helpless woman whose womb had been destroyed nine times, using his resources, and the cries of a daughter echoed in her courtyard. One baby didn't cry after birth and also fell victim to pneumonia. His respiratory and esophagus were also compromised, breathing like a bellows. A doctor performed the operations, and today these children have grown up to be young. There are countless such examples of giving new life. Of course, doctors' education and training have proven to be life-savers, but imagine that for those who haven't received hospital treatment or found such a "life-giver," death is a terrifying reality. The Registrar General of India conducted a survey on May 10th through the Sample Registration System (SRS). Its findings and statistics regarding health and population are extremely frightening. Although the survey was based on 2024 data, its conclusions are still alarming. The number of deaths due to lack of medical or hospital assistance has more than doubled. The proportion of such deaths was 18% in 2020, but in 2024, this figure has risen to 45.05%. In Bihar, Jharkhand, and Chhattisgarh, this figure exceeded 60%. In Kerala, the figure was 26.08%, which is even higher than the previous national average of 18%. What kind of country is this? These deaths are occurring without treatment, which is extremely tragic. This situation is occurring even though the Modi government's "Ayushman Bharat" scheme is implemented almost nationwide and has been promoted as the world's largest and most comprehensive health insurance scheme. In reality, "Ayushman Bharat" is a half-truth, known only to those who hold the card. This card is effective only for operations and incisions. If you want to consult a doctor for routine or chronic ailments, you will have to pay a high fee. Medicines are a separate expense! The question here is: why are so many deaths occurring in India? Because hospitals and doctors are not accessible to the common man. They have become so expensive, greedy, pickpocket-like, and thrifty that the average poor person cannot afford their treatment. Once you go to a hospital, MRIs, CT scans, lung and kidney tests, and heart tests will be performed, whether they are needed or not. Hospitals simply do not recognize tests done outside the country. In the Indian system, doctors are paid hefty salaries and set quotas, specifying the number of patients they must operate on. In many places, the salaries of such doctors are even higher than those of the government's Cabinet Secretary. The government even subsidizes a doctor's education. Is this all that money spent to become a shopkeeper? There are exceptions, who are truly "life-savers." In Indore, Madhya Pradesh, there is a neurologist doctor with a 3-4 month waiting list for an appointment. His one-time fee, applicable for a week, is 3500 rupees, while the average specialist doctor's fee is 1200-1500 rupees. The average is similar in the capital, Delhi. Other neurologist doctors also charge an average fee of 1700 rupees. The question is, can a patient with a chronic neurological disease or the common man afford such expensive treatment? If they can't, they will face premature death. Is this the fundamental right guaranteed in the Indian Constitution? It is the government's responsibility to provide affordable healthcare to the poor.

# Life Stream: Freedom from Ego is True Freedom, the Formula: Accept Yourself

Humans spend most of their lives struggling with their limitations. They grieve over their weaknesses, despair over their failures, and blame their shortcomings for their suffering. They believe that if they were more intelligent, powerful, wealthy, or successful, their lives would be better. But I believe that humanity's biggest problem isn't its limitations, but its ego. Limitations are a natural part of human existence. We are born with limited knowledge. Our bodies, time, and our strength are also limited. We can't know everything, we can't do everything. This isn't a tragedy. The tragedy begins when we refuse to accept our limitations. And, this is solely because of our ego. The ego convinces us that we shouldn't be limited. It whispers in our ears that we are better, more important, and more worthy than others. It teaches us to love a fantasy about ourselves, not reality. This is why much of a person's suffering stems not from their shortcomings, but from their self-image. If a person admits that they have shortcomings in their life, they will move towards improving them. But the ego says, "You must not lose. You must always appear superior." And thus, the ego burdens a person with a burden that no human can bear. This world is a world of limited beings. Yet, we create expectations for ourselves, as if we must be perfect. And when reality shatters those expectations, we become unhappy. I believe God created humans limited so that they could learn to live in relationships, both with God and with humans. We also need love, friendship, and guidance. But the ego projects a dream of self-sufficiency that leaves no room for anyone else. It wants humans to become their own center, their own rule, and their own purpose. This is why the ego is the greatest enemy of love. Love says, "I see you." The ego says, "Look at me." When a person begins to free themselves from their ego, only then is they free for the first time. Then they can learn, because they no longer fear appearing ignorant. Then they can love. Therefore, I wouldn't say that man's problem is his limitations. Limitations are part of his existence. The problem is that he doesn't want to accept his limitations. His ego provokes him to fight reality. And as long as this war continues, man will remain restless. The key: Accept Yourself. A person's true power lies not in his perfection, but in the courage to accept his limitations. Those who run away from their shortcomings remain restless throughout their lives, but those who embrace them and constantly strive to improve themselves achieve true success and peace. Humility makes us great from within.

The ego shows a dream in which there is no place for anyone else.

Only by freeing it does man become free for the first time. Then he can learn more, because he no longer fears appearing ignorant.

# The second aspect: A vaccine that will be effective against every pandemic; based on DNA technology

Scientists have developed a new vaccine with the help of AI that can provide protection against many pandemic-causing viruses. This DNA-based vaccine is more stable and relatively easy to store and transport to remote areas. This same technology could also provide protection against rapidly changing viruses like flu and Ebola. It produces antibodies that can recognize many viruses in the Sarbecovirus family. Will a single vaccine in the future protect us against COVID-19, SARS, and new viruses that have not yet spread to humans? Scientists at Cambridge University have taken a major step in this direction. They have developed a new vaccine with the help of AI. This vaccine has been tested on humans for the first time. Initial results are very encouraging. In fact, until now, most vaccines have been developed for a specific virus or a variant of it. However, viruses constantly mutate, causing vaccines to lose effectiveness over time. This is why flu vaccines need to be changed every year, and COVID-19 vaccines have also had to be updated several times. Researchers at Cambridge attempted to address this problem through AI. By analyzing the genetic data of thousands of viruses, they identified regions that remain similar across all viruses and change little over time. This new vaccine aims to provide protection against all viruses that could cause pandemics. This vaccine is based on DNA technology, not mRNA. DNA vaccines are more stable, making them easier to store and transport to remote areas. Furthermore, they can be administered without a needle. If successful, this vaccine could transform the way we deal with pandemics worldwide. Scientists believe this technology could also be used against rapidly mutating viruses like flu vaccines and Ebola. This vaccine was found to be safe. It also created antibodies in the body that can recognize various viruses in the sarbecovirus family. However, the dream of a universal vaccine may take years to fully realize. Any new vaccine must undergo extensive clinical trials to prove it is safe, effective, and capable of providing long-term protection. But this study shows that AI can help us get there faster. -The Conversation

## The Sky of World Literature: Mrs. Dalloway – A Portrayal of the Characters' Minds

Virginia Woolf's novel, "Mrs. Dalloway," is a simple yet complex novel. It delves into the consciousness of its main characters and portrays their minds. Woolf's writing is characterized by its ability to establish a connection between the past and the present. A member of the Bloomsbury Group, Virginia Woolf, who considered writing her most important pursuit, was born in 1888 into an upper-middle-class family in England. Her birth name was Virginia Stephen. After the death of her father, Leslie Stephen, she married Leonard Woolf, a highly intelligent member of the same group. Leonard Woolf was Jewish. This period coincided with the decline of the Victorian era and the rise of the Edwardian era. This group was a gathering place for intellectuals. Her own home was a hub for writers and artists. Virginia Woolf, a member of the Bloomsbury Group, who considered writing her most important work, was born in 1888 into an upper-middle-class family in England. Her birth name was Virginia Stephen. After the death of her father, Leslie Stephen, she married Leonard Woolf, a highly intelligent member of the same group. Leonard Woolf was Jewish. This period coincided with the decline of the Victorian era and the rise of the Edwardian era. This group was a gathering place for intellectuals. Her own home was a hub for writers and artists. Virginia Woolf, along with her other writings, included "Mrs. Dalloway" in Time magazine's list of "The Greatest Books of All Time." It has been a hundred years since this novel was published in 1925. In 2005, when Time magazine compiled a list of 100 books, this book ranked 50th. Virginia Woolf's novel, "Mrs. Dalloway," is a simple yet complex novel. It delves into the consciousness of its main characters, portraying their psyches. A hallmark of Woolf's writing is the ability to establish a connection between the past and the present. Deep down, it's a reflection of her own life. The novel's essence, in one sentence, is a description of a day in the life of Clarissa Dalloway. But the story isn't so simple. Clarissa is a woman from high society in London, England, after World War I. She loves to host parties. World War I is over. One day in June 1923, Clarissa is preparing for one such party. A party is being held, encompassing all elements of English society, with high-ranking officials, even the Prime Minister himself, present. Some have come simply to please the minister, some to meet Clarissa, and some to further their own interests. On the surface, everything in the novel appears normal, but much is going on within each of the main characters. Clarissa goes about her day doing her usual chores. In the morning, she wakes up and takes a stroll in the park, buying flowers, choosing a dress for the party, giving orders to the servants, talking to her daughter. She also speaks with her politician husband, Dalloway. On the same day, she meets an old lover and friend. On the surface, nothing seems unusual. But she is racked with questions. She contemplates her life's purpose, her time so far, her life, and what would have been had she chosen a different option. She flits between past and present. War never yields positive results - Virginia Woolf shows that war never yields positive results; the person affected by it can never return to normal. This becomes even more relevant in today's war-torn times. Another major character, Spatimus Smith, served in World War I. There, he befriended a man named Evans. The soldier, Evans, is hit by a bomb and blown to pieces. Smith sees Evans's ghost (he appears to her in person) and speaks to him. He hears various voices. Smith's mind remains unstable. Smith's worried wife, Rezia, is deeply troubled by her husband's condition. She repeatedly tells the doctor, "My husband hasn't committed any crime. He's normal. He's just a little upset." The couple is in love, but she isn't fully aware of what's going on in her husband's mind. How can she possibly know what happened in the war zone? She knows nothing about her husband's relationship there. The doctor declares Smith insane. To escape the doctor, he commits suicide by jumping from a window, landing on a sharp iron fence below. Smith was terrified of war and worried about his antisocial, homosexual love. Mrs. Dalloway hears of this suicide during the party. She wonders, "Why is he alive? Why is this man dead?" She wants to jump to her death, too, but she doesn't. Life goes on. The human will to live is fierce. Mrs. Dalloway and Lady Rosseter.

# धोखाधड़ी में घिरे कुंदरकी से सपा के पूर्व विधायक हाजी रिजवान पर मुकदमा, बहू-बेटे पर भी एफआईआर



मुरादाबाद की कुंदकरी विधानसभा से समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक हाजी रिजवान धोखाधड़ी के एक मामले में घिर गए हैं। एसएसपी के आदेश पर हाजी रिजवान और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है और रिजवान। अब्दुल मुस्तफा ने एसएसपी सतपाल अंतिल को एक शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने हाजी रिजवान से 2294 वर्ग मीटर जमीन का सौदा किया था। 4.48 करोड़ में डील हुई। 25 लाख रुपये का बयान दे दिया। जनवरी 2024 में इकरारनामा भी हो गया। लेकिन ये जमीन स्कूल के नाम पर दर्ज थी। हाजी रिजवान ने लैंड यूज चेंज (भूमि उपयोग बदलवाने) की बात कही और इसके लिए 10 लाख रुपये और ले लिए। अब्दुल मुस्तफा का आरोप है कि पूर्व विधायक ने उन्हें लैंड यूज चेंज के जाली कागजात दे दिए। उन्होंने जांच में रसीद के फर्जी निकलने का दावा किया है। अब्दुल मुस्तफा ने पूर्व विधायक हाजी रिजवान, उनके बेटे हाजी जुबैर, जुबैर की बीवी शमा परवीन और एक अन्य आरोपी यूसुफ मलिक पर 1.27 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। शिकायत पर एसएसपी ने आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि हाजी रिजवान ने आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि मैंने खुद जमीन का बैनामा कराने के लिए नोटिस भेजा था। यूसुफ मलिक के जरिये जमीन का सौदा तय हुआ था। राजनीति दबाव में एफआईआर दर्ज की गई है। आजम खान के करीबी हैं मलिक - यूसुफ मलिक, सपा के कद्दावर नेता आजम खान के करीबी बताए जा रहे हैं।

यूसुफ मलिक पर 33.36 लाख रुपये की एक और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इसमें कहा गया कि वर्ष 2023 में साढ़े तीन बीघा जमीन का सौदा हुआ था। ये डील 52.50 लाख रुपये में हुई थी। यूसुफ मलिक को 33.36 लाख रुपये दे दिए। लेकिन आज तक उन्होंने जमीन का बैनामा नहीं कराया है। बहरहाल, पुलिस ने इस पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। उप-चुनाव हारे थे हाजी रिजवान - हाजी रिजवान कुंदरकी से विधायक रहे हैं। बीते 2022 के विधानसभा चुनाव में कुंदरकी से उनका टिकट कट गया था। बाद में जियाउर्रहमान बर्क के सांसद निर्वाचित होने के बाद ये सीट खाली हो गई। सपा ने हाजी रिजवान को उप-चुनाव में प्रत्याशी बनाया था। भाजपा के ठाकुर रामवीर सिंह ने उन्हें बड़े फासले के साथ चुनाव हराया था। ठाकुर रामवीर को यहां की तुर्क बिरादरी से बड़े सपोर्ट की तस्वीरें सामने आई थीं।

---

# मुरादाबाद BJP में मची रार! होर्डिंग से गायब की प्रदेश उपाध्यक्ष की फोटो, सफेद कागज ने खोली गुटबाजी की पोल

मुरादाबाद भाजपा में गुटबाजी खुलकर सामने आई है, जहां क्षेत्रीय अध्यक्ष के स्वागत में लगे होर्डिंग्स पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव की तस्वीर पर सफेद कागज चिपका दिया गया। इस घटना से पार्टी के अंदरूनी कलह सार्वजनिक हो गई है। एक प्रचलित कहावत है कि जिनके घर शीशे के होते हैं, वो दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते। राजनीतिक परिदृश्य में यह कहावत हर काल खंड में प्रासंगिक है। समाजवादी पार्टी में फैली रार पर नसीहत देने वाली भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन में फैली रार हर दिन बढ़ती जा रही है। नौबत यहां तक आ गई है कि क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर के स्वागत में शहर में लगे होर्डिंग्स-बैनर को राजनीतिक अखाड़ा बना दिया गया। क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा वाली होर्डिग्स में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राजेश




यादव एवं जिलाध्यक्ष आकाश पाल का चित्र है, मगर राजेश यादव के हर फोटो पर सफेद कागज चस्पा कर दिया गया।बाद में यह फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी गईं जिससे भाजपाइयों में अंदरखाने एक-दूसरे के बीच चल रहा झगड़ा सार्वजनिक मंच पर आ गया है। मगर, भाजपाई इसे विरोधी की साजिश बताकर मामले को दबाने में लगे हैं। इस संबंध में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव से उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया मगर उनसे संपर्क नहीं हो सका।29 जून को शहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर भाजपाइयों की ओर से शहर में होर्डिग्स-बैनर लगाए गए थे। विशेष रूप से कांठ रोड व दिल्ली रोड पर। हाल में ही प्रदेश कार्यकारिणी एवं क्षेत्रीय कार्यकारिणी भी घोषित हुई जिसमें नवाब सिंह नागर को क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला प्रभारी राजेश यादव को प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनाया गया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष का शहर में आगमन भी तय था। लिहाजा, क्षेत्रीय अध्यक्ष के पहली बार शहर आगमन पर उनके स्वागत में भी होर्डिग्स बैनर लगाए गए। जिसमें दिल्ली रोड स्थित क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा वाली होर्डिग्स चर्चा का विषय बन गईं। होर्डिग्स में उनके बराबर में उनसे बड़ा क्षेत्रीय अध्यक्ष का फोटो है। ऊपर एक ओर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव और जिला अध्यक्ष आकाश पाल का फोटो है।

मगर, राजेश यादव के हर फोटो पर सफेद कागज चस्पा कर दिया जबकि अन्य की ओर से लगी होर्डिग्स में राजेश यादव का चित्र स्पष्ट है। उसमें किसी तरह की कोई छेड़छाड़ नही की गई है।

यह पहला अवसर नहीं है जब राजेश यादव के नाम को लेकर भाजपा जिला संगठन में यह स्थिति उत्पन्न हुई हो। जिला व महानगर कार्यकारिणी के समय राजेश यादव ओवरआल जिले के प्रभारी थे। उस समय भी भाजपाइयों में कलह उजागर हुई थी। मामला लखनऊ तक पहुंचा था। भाजपा की एक पूरी लाबी पक्ष में थी जबकि दूसरी विरोध में। प्रदेश संगठन ने बीच का रास्ता निकालकर झगड़ा निपटाया। महानगर में सर्वाधिक विरोध के चलते वहां से उनकी छुट्टी कर सिर्फ जिले का प्रभारी बनाया गया। महानगर की जिम्मेदारी मोहन लाल सैनी को सौंप दी गई। काफी वक्त तक नए कार्य बंटवारे को लेकर भी झगड़ा बना रहा था। बहरहाल, भाजपा संगठन में भी गुटबाजी चरम पर है। होर्डिग्स मेरी ओर से लगवाई गईं थी। किसी ने राजनीतिक द्वेष से यह कृत्य किया है। जिससे एक-दूसरे में दूरियां बढ़ाई जा सकें। किसने यह षड्यंत्र किया है। उसकी जांच कराई जा रही है।, - आकाश पाल, जिलाध्यक्ष, भाजपाविपक्षी की यह सोची समझी साजिश है। राजेश यादव का मन खराब करने के लिए विरोधी ने यह कृत्य किय है। राजेश यादव से स्वयं इस संबंध में बात की है। यह पूरी तरह गलत है। - हरिओम शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री, भाजपा

# अखिलेश यादव की लीडरशिप इतनी हल्की हो गई... सपा सांसद रुचि वीरा और विधायक कमाल अख्तर की लड़ाई में अब भाजपा की एंट्री

मुरादाबाद में सपा सांसद रुचि वीरा और विधायक कमाल अख्तर के बीच चल रही राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में भाजपा विधायक रितेश गुप्ता ने एंट्री की है, जिसे उन्होंने सपा की कमजोरी बताया। इस पर सांसद रुचि वीरा ने भाजपा विधायक को अपनी पार्टी पर ध्यान देने की नसीहत दी।भाजपा विधायक ने सपा की अंदरूनी कलह पर साधा निशाना। सांसद रुचि वीरा ने भाजपा विधायक को अपनी पार्टी देखने को कहा। सपा में रुचि वीरा-कमाल अख्तर विवाद से अखिलेश यादव तक बात। सांसद रुचि वीरा व कांठ विधायक कमाल अख्तर के बीच चल रही राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता व बयानबाजी में भाजपा से शहर विधायक रितेश गुप्ता ने भी एंट्री की है। दोनों के बीच चल रहे घटनाक्रमों को लेकर शहर विधायक ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुरादाबाद का झगड़ा सपा की असली तस्वीर उजागर कर गया। बिना सांसद रुचि वीरा को बताए पीडीए बैठक आयोजित करने पर अखिलेश यादव को लखनऊ में आपसी कलह निपटानी पड़ी।



नेताओं में जमकर हुई तू-तू मैं-मैं और चीफ व्हिप पद से इस्तीफा दिलवाना दरअसल सपा की बेहद कमजोर स्थिति और बेबसी को दिखाता है।शहर विधायक की इस प्रतिक्रिया पर सांसद ने उलटा उन्हें ही नसीहत दी। कहा कि वह अपने बारे में सोचें, अपनी पार्टी के बारे में सोंचे। हमारी पार्टी में ताक-झाक ना करें। सवाल करते हुए यह भी कहा कि क्या उनके वहां झगड़े नहीं हैं?सांसद ने विधायक को दी नसीहत- अपने बारे में सोचे, हमारी पार्टी में ना करें ताक-झाक- पूरे घटनाक्रम की शुरुआत समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित की जा रही पीडीए की बैठक में सांसद रुचि वीरा को ना बुलाए जाने से शुरू हुआ। बैठक में ना बुलाए जाने पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि मसले को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष रखा जाएगा। ऐसी हरकत कर पार्टी को कमजारे करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जाएगी। फेसबुक पर शहर विधायक ने लिखा-मुरादाबाद का झगड़ा सपा की असली तस्वीर उजागर कर गया मामला, राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचता कि इस बीच सांसद व कांठ विधायक कमाल अख्तर के बीच तल्खियां सार्वजनिक मंच पर आ गईं। लखनऊ में बहस के वीडियो के साथ इंटरनेट मीडिया पर नेताओं के बीच खुला पोस्टरवार सामने आ गया। सपा का स्थानीय स्तर पर जिला संगठन भी दोनों के बीच बढ़ते विवाद को नहीं सुलझा पाया। इस बीच दोनों की लखनऊ में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष बैठक हुई। कांठ विधायक ने विधानमंडल में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया बैठक के बाद ही कांठ विधायक ने विधानमंडल में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया। जिसे सीधे तौर पर सांसद से लंबे समय से चल रहे मतभेद को जोड़कर देखा गया। हालांकि, पद छोड़ने पर विधायक की ओर से कहा गया था कि यह इस्तीफा उन्होंने अखिलेश यादव के कहने पर दिया है। पार्टी के कार्यकर्ता हैं और जो भी आदेश उनके नेता देंगे। उसका पालन करेंगे। उन्होंने अपने निर्णय के पीछे सांसद से विवाद की बात को भी खारिज किया था।प्रकरण में सांसद ने कहा था कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को हमें लखनऊ बुलाया था, जहां पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। हमने पूरे घटनाक्रम और सभी शिकायतों को रखा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने आगे लिखा...अखिलेश यादव की लीडरशिप इतनी हल्की हो गई शहर विधायक ने फेसबुक पर किये गए पोस्ट में नेताओं में जमकर हुई तू-तू मैं-मैं और चीफ व्हिप पद से इस्तीफा दिलवाना दरअसल सपा की बेहद कमजोर स्थिति और बेबसी को दिखाता है के आगे लिखा कि अखिलेश यादव की लीडरशिप इतनी हल्की हो गई कि एक जिले की बैठक भी पूरे संगठन को हिला देती है। शहर विधायक ने लिखा जनता के सामने अब सपा एक टूटते हुए घर की तरह नजर आ रही है, जहां हर नेता अपनी मर्जी चलाना चाहता है। चुनाव से पहले यह अंदरूनी कलह सपा को भारी पड़ेगी। सपा की यह फूट दिखा रही है कि यह पार्टी अब सिर्फ नाम की रह गई है, असल में खोखली और बिखरी हुई है।शहर विधायक अपने बारे में सोचें। अपनी पार्टी के बारे में सोचें। हमारी पार्टी में ताक-झाक करना बंद करें। विधायकों को मुझसे ही डर लगता है, इसलिए वह ऐसी बातें कर रहे हैं। अब सपा के मामले में उनकी ऐसी क्या दिलचस्पी है, जो उन्हें ऐसा लिखना पड़ रहा है, वह खुद सोचें। हमने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष पूरा प्रकरण रख दिया है जिससे भाजपा वालों को बोलने का मौका ना मिले।- रुचि वीरा, सांसद

## संक्षिप्त समाचार

### काम पर क्यों नहीं गए? मां की इसी बात से नाराज होकर बड़े बेटे ने दे दी जान, रो-रोकर बुरा हाल

कुंदरकी के मुहल्ला कायस्थान में मां की डांट से आहत 20 वर्षीय अरमान ने मुरादपुर के जंगल में आम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के बाद परिजनों को सौंप दिया।नगर के मुहल्ला कायस्थान में शुक्रवार को मां की डांट के बाद बेटे ने आम के पेड़ के सहारे फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। उसका शव फंदे से लटका देखा तो स्वजन में चीख पुकार मच गई। मुहल्ला कायस्थान वार्ड-9 निवासी ताहिर का 20 वर्षीय अरमान शुक्रवार को मजदूरी करने नहीं गया। जिस पर उसकी मां बानो बेगम ने उसे डांट दिया। इससे आहत होकर वह घर से निकल गया और गांव मुरादपुर के जंगल में किशन लाल निवासी सादात पूर्वी के खेत में खड़े आम के पेड़ के सहारे रस्सी के फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भर शव स्वजन को सिपुर्द कर दिया। बताया गया कि अरमान अपने परिवार में भाई-बहनो में सबसे बड़ा था। उसके दो छोटे भाई सलमान और रेहान, जबकि दो बहनें शायना और रीवा हैं। थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने बताया कि युवक की आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं।



### सावधान! ट्रेनों में सोती महिलाओं को निशाना बनाने वाला छोटू गिरफ्तार, उगल दिए कई राज

मुरादाबाद जीआरपी ने ट्रेनों में सोती महिलाओं के पर्स चुराने वाले सरफराज उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अप्रैल से जून के बीच चार वारदातों को अंजाम दिया था, जिसमें करीब चार लाख के जेवर, मोबाइल और नकदी बरामद हुई है।करीब चार लाख रुपये के जेवर, मोबाइल व नकदी चोरीट्रेनों में सफर कर रहे सोते यात्रियों, खासकर महिलाओं को निशाना बनाकर चोरी करने वाले चोर कुंदरकी निवासी सरफराज उर्फ छोटू को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अप्रैल से जून के बीच चार ट्रेनों में वारदातों को अंजाम दिया। इनमें तीन महिलाओं के पर्स और एक यात्री का बैग चोरी किया गया। इन घटनाओं में करीब चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल फोन, जरूरी दस्तावेज और 1,01,620 रुपये नकद चोरी हुए थे। जीआरपी ने आरोपी के कब्जे से चारों मामलों से संबंधित करीब चार लाख रुपये कीमत का चोरी का माल और 49 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।पूछताछ में सामने आया कि आरोपित सो रहे यात्रियों पर नजर रखता था और महिलाओं के सीट पर रखे पर्स व हैंडबैग को मौका मिलते ही लेकर फरार हो जाता था। रूड़की निवासी प्रताप सिंह 19 जून को लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के बी-3 कोच की सीट संख्या 54, 69 और 70 पर परिवार के साथ रूड़की से लखनऊ जा रहे थे।मुरादाबाद से ट्रेन निकलने के बाद उनकी पत्नी का हैंडबैग चोरी हो गया। दूसरी घटना, फरीदाबाद निवासी पवन कुमार 28 अप्रैल को सत्याग्रह एक्सप्रेस के बी-4 कोच की सीट संख्या 17 व 18 पर सुगौली से आनंद विहार जा रहे थे। 29 अप्रैल को मुरादाबाद स्टेशन पर उनकी पत्नी का पर्स चोरी हो गया। तीसरा मामला, गोरखपुर निवासी वीरेंद्र मणि त्रिपाठी चार जून को गोरखपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस के एचए-1 कोच की सीट संख्या 2, 4 और 6 पर परिवार के साथ गोरखपुर से आनंद विहार जा रहे थे। पांच जून को मुरादाबाद पहुंचने पर उनकी पत्नी का पर्स चोरी हो गया था। चौथा मामला, मुरादाबाद निवासी गुरुवीर सिंह 29 मई को ट्रेन संख्या 54463 से चंदौसी से मुरादाबाद आ रहे थे। रास्ते में उनका बैग चोरी हो गया था।




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# ऑपरेशन मुक्ति : बेसहारों को सहारा, बरेली में चला प्रशासन का बड़ा अभियान

## सड़क पर दिखे बेसहारा तो करें सूचना , प्रशासन ने शुरू की बड़ी मुहिम



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली में निराश्रित, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए जिला प्रशासन ने ऑपरेशन मुक्ति के तहत विशेष संयुक्त अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य ऐसे लोगों को सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास उपलब्ध कराना है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी अविनाश सिंह और जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस, श्रम, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, ममता आश्रय गृह और जीआरपी की संयुक्त टीमों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाया। अभियान के दौरान बेसहारा, भिक्षावृत्ति में लिप्त, बाल श्रम और मानव तस्करी की आशंका वाले बच्चों व महिलाओं की पहचान कर उन्हें सहायता, चिकित्सकीय सुविधा, आश्रय और पुनर्वास की प्रक्रिया से जोड़ा गया। साथ ही आमजन से अपील की गई कि किसी भी जरूरतमंद या संदिग्ध मामले की सूचना हेल्पलाइन 1098, 181 या 112 पर तुरंत दें।

# पत्नी, साली और साढ़ू पर जहर देकर हत्या का आरोप, नर्सिंग असिस्टेंट की संदिग्ध मौत



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । सुभाषनगर क्षेत्र स्थित बाला जी मंदिर के पास रहने वाले नर्सिंग असिस्टेंट कुलदीप गोस्वामी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचेत अवस्था में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने पत्नी, साली और साढ़ू पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार कुलदीप और उनकी पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। विवाद बढ़ने के बाद पत्नी अपनी बहन और बहनोई के घर रहने लगी थी। आरोप है कि पत्नी, उसकी बहन और बहनोई मिलकर कुलदीप को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे, जिससे वह काफी परेशान रहते थे। परिवार का कहना है कि 30 जून को कुलदीप की पत्नी ने महिला थाने में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कुलदीप विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने और माफी मांगने के उद्देश्य से अपनी साली के घर पहुंचे, जहां उनकी पत्नी रह रही थी। परिजनों का आरोप है कि साली के घर पहुंचने के बाद किसी बात को लेकर विवाद हुआ। कुछ देर बाद कुलदीप अचेत अवस्था में मिले। गंभीर हालत में उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई। अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार कुलदीप ने जहरीला पदार्थ खाया था। इसी आधार पर परिजनों ने आरोप लगाया है कि उन्हें जहर देकर मौत के घाट उतारा गया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगी। कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर पत्नी, साली और साढ़ू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है तथा घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य और अन्य तथ्यों को भी एकत्र किया जा रहा है। दोषियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विधवा मां की पुकार अनसुनी! बेटे-बहू पर आरोप , पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र की रहने वाली एक विधवा महिला ने अपने ही बेटे और बहू पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

आपको बताते चलें कि थाना बारादरी क्षेत्र अंतर्गत संजय नगर के गोपालनगर निवासी सोनिया मसीह का कहना है कि उनके पति संदीप मसीह की करीब छह महीने पहले हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। पति के निधन के बाद वह मेहनत-मजदूरी कर अपना जीवनयापन कर रही हैं। पीड़िता के अनुसार, उनका बड़ा बेटा फ्रांसिस ईनीस उर्फ बाबू और बहू शिल्पी ईनीस आए दिन उनके साथ गाली-गलौज, अभद्रता और मारपीट करते हैं। उनका आरोप है कि दोनों उन्हें मकान से बेदखल कर कब्जा करना चाहते हैं।

महिला ने बताया कि 3 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे बेटा और बहू बिना किसी कारण उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतर आए। किसी तरह जान बचाकर वह वहां से निकलीं।

पीड़िता का कहना है कि वह पहले भी कई बार चौकी मॉडल टाउन और थाना बारादरी पुलिस को लिखित शिकायत दे चुकी हैं, लेकिन पुलिस इस मामले को पारिवारिक विवाद बताकर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। महिला ने आशंका जताई है कि मकान पर कब्जा करने की नीयत से बेटा-बहू भविष्य में उनके साथ कोई गंभीर अप्रिय घटना कर सकते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## आज मानवता की मिसाल बनेगा नागरिक सुरक्षा विभाग

# 300 बेड खुर्रम गोटिया रोड स्थित अस्पताल में होगा स्वैच्छिक रक्तदान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । मानवता और सेवा का एक प्रेरणादायक अभियान आज 5 जुलाई को आयोजित होने जा रहा है। नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से 300 बेड मल्टी स्पेशलिटी संयुक्त चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर सभी अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर Sßñ

# 26 सितंबर उपद्रव: मौलाना तौकीर रजा और करीबियों पर प्रशासन का बड़ा शिकंजा

## प्रशासन ने 145 करोड़ की संपत्तियां की सीज व ध्वस्त



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। 26 सितंबर को बरेली में हुए उपद्रव के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा और उसके करीबियों के खिलाफ पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। उपद्रव के करीब नौ माह के भीतर प्रशासन ने लगभग 145 करोड़ रुपये मूल्य की कथित अवैध संपत्तियों को सीज और ध्वस्त करने की कार्रवाई की है। कार्रवाई के दायरे में ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन, मैरिज लॉन, होटल, दुकानें, जिम, फैक्ट्री और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, मामले में अब तक 101 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि 119 आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। पुलिस के मुताबिक, कानपुर के आई लव मुहम्मद प्रकरण की पृष्ठभूमि में 26 सितंबर को बरेली में प्रदर्शन के दौरान हिंसा और उपद्रव हुआ था। इस मामले में मौलाना तौकीर रजा को मुख्य आरोपी बनाया गया। आरोप है कि उपद्रव के दौरान पुलिस पर हमला किया गया, फायरिंग की गई, एसिड और पेट्रोल बम फेंके गए तथा शहर में तोड़फोड़ और आगजनी का प्रयास किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। घटना के बाद कोतवाली, बारादरी, किला, कैंट और प्रेमनगर थानों में कुल 10 मुकदमे दर्ज किए गए। इसके अलावा शिकायतकर्ताओं की तहरीर पर दो अन्य मुकदमे भी दर्ज हुए। पुलिस ने 27 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा को गिरफ्तार कर फतेहगढ़ जेल भेज दिया था, जहां वह वर्तमान में भी न्यायिक अभिरक्षा में बंद है। पुलिस का कहना है कि अब तक 101 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है और 119 लोगों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। अन्य आरोपियों की तलाश और विवेचना की कार्रवाई भी जारी है। पुलिस एवं प्रशासन के अनुसार कार्रवाई के दौरान मौलाना तौकीर रजा और उसके करीबियों से जुड़ी कथित अवैध संपत्तियों में 50 दुकानें, एक होटल, पांच मैरिज लॉन, एक स्कूटी एजेंसी, एक सर्विस सेंटर, दो जिम, एक मोटर वायरिंग कारखाना, एक बर्फ फैक्ट्री तथा एक मकान को सीज किया गया है। इसके अतिरिक्त दो ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन और तीन मैरिज लॉन को ध्वस्त करने की कार्रवाई भी की गई है। प्रशासन का दावा है कि सभी कार्रवाई नियमानुसार की गई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि 26 सितंबर की घटना के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा और उसके करीबियों की कथित अवैध संपत्तियों को चिह्नित कर नियमों के अनुरूप सीज एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि जहां-जहां प्रशासन ने पुलिस बल की मांग की, वहां तत्काल पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया गया। अब तक लगभग 145 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

# किला पुलिस ने 517 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । नशे के कारोबार पर किला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 517 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सरायतल्फी रोड स्थित यात्री शेड के पास से दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना कैंट क्षेत्र के भौआपुर निवासी संजय और सुमित उर्फ विमल के रूप में हुई है।

दोनों के कब्जे से 517 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। इस मामले में थाना किला में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले करीब छह महीने से अफीम बेचने का काम कर रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि शिवनगर निवासी एक व्यक्ति से अफीम लेकर उसे बेचते थे और मुनाफा आपस में बांट लेते थे। आर्थिक तंगी के कारण इस अवैध धंधे में उतरने की बात भी उन्होंने कबूल की। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है और अफीम सप्लाई करने वाले अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# 125वीं पुण्यतिथि पर स्वामी विवेकानंद को भावभीनी श्रद्धांजलि , कायस्थ महासभा ने किया माल्यार्पण




